हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]





**खबर संक्षेप**

## सुशासन की रौशनी से जगमगाएंगे तेरह गांव



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रामीणों के जीवन से अंधेरा दूर करते हुए जिले के कांसाबेल विकासखंड के ग्राम पूसरा, पोंगरो, कांसाबेल, बाँसबहार, चोगरीबहार, देवरी, दोकड़ा, सारूकछार, बटईकेला, नरियलडांड, फरसाजुड़वाईन, खूंटीटोली, बेलटोली के कई आश्रित बस्तियों, मजरा टोली में अधूरे पड़े विद्युतीकरण के काम को पूरा कराने के लिए 58 लाख रूपये की स्वीकृति देते हुए राशि जारी कर दी है,जिसके बाद इन बस्तियों में विद्युत केबल तार लगाकर ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति दिलाने का कार्य शुरू हो गया।मुख्यमंत्री श्री साय के संज्ञान में जैसे ही जिले के काँसाबेल ब्लाक में अधूरे पड़े विद्युतीकरण के काम का मामला आया,उन्होंने इसे पूरा कराने के लिए सीएसपीडीसीएल को निर्देशित किया था। विद्युतीकरण कार्य को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 58 लाख रूपये की स्वीकृति देकर उन्हें अंधेरे से मुक्ति मिलने के बाद ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों ने वर्षो की समस्या को दूर करने के लिए सीएम साय का आभार जताया है।

## पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष 25 से 26 तक जिले में रहेंगे

**जशपुरनगर।** छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम, उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा, सचिव संकल्प साहू एवं सहा.अनु.अधि. अनिता डेकाटे, 25 एवं 26 सितम्बर 2025 को जशपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष एवं सदस्य 26 सितम्बर को सर्किट हाउस में पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधियों से भेंट कर चर्चा करेंगें। साथ ही दोपहर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे और साय 4.00 बजे सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करेंगे।

## घर के बाहर खेल रही बच्ची को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची को बाइक सवार ने टक्कर मार दी है,दुर्घटना में बच्ची को चोटें आई है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम लटोरी भंडारपारा निवासी प्रार्थिया फुलेश्वरी राजवाड़े पति सोमार साय की चार वर्षीय पुत्री हंसिका राजवाड़े घर के बाहर खेल रही थी,तभी एक अज्ञात बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मासूम बच्ची को टक्कर मारकर फरार हो गया है, दुर्घटना में मासूम बच्ची को चोटें आई है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## सड़क मरम्मत के नाम पर आहरित कर ली राशि लेकिन नहीं हुई मरम्मत

**धौरपुर।** क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हुई लगातार बारिश से ग्राम पंचायत करौली नदी पारा सड़क मरम्मत के अभाव में जर्जर एवं कीचड़ में तब्दील हो गया है। ऐसें क्षेत्र के लोगों को न सिर्फ आवागमन करने में परेशानी होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि सड़क मरम्मत के लिए राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा मरम्मत कराने के नाम पर दो किस्तों में राशि का आहरण पहले ही कर लिया है लेकिन कई माह बीत जाने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी जिससे क्षेत्र के लोग जर्जर एवं कीचड़ से सराबोर सड़क पर आवागमन करने को मजबूर है। विकासखंड लुंड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत करौली नदीपारा में कई साल पहले सड़क का निर्माण किया गया था। लेकिन देखरेख के अभाव में सड़क की हालत दयनीय हो गई। सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों को कच्ची सड़क से निजात मिली थी लेकिन अब पुनः पूर्व की भांति हालत हो जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। ग्राम पंचायत करौली के नदीपारा की सड़क पिछले दिनों हुई लगातार बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गया है। ऐसे में लोगों का सड़क से पैदल चलना भी दुभर हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ माह पूर्व ही सड़क मरम्मत के लिए दो किस्तों में लगभग 90 हजार रुपए पंचायत फंड से सरपंच देवेश सिंह मरावी और सचिव सुशीला तिर्की द्वारा निकाल लिया गया लेकिन आज तक सड़क मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका।

### सेवा पखवाड़ा के तहत जिला भाजपा ने किया प्रबुद्ध जन सम्मेलन

# सेवा को सर्वोपरि मानने वाला संगठन है भाजपाः पाणिग्रहि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता पार्टी जशपुर जिला द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को प्रबुद्ध जन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक, वरिष्ठ जन ,भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। जिला महामंत्री मुकेश शर्मा द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी गई एवं कार्यक्रम का संचालन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष शम्भूनाथ चक्रवर्ती, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय एवं अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित थे। जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश नंदे, नपा अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद अध्यक्ष गंगा भगत, शांति भगत, संतोष सिंह, राजकपूर भगत, शरद चौरसिया, रजनी प्रधान, राजकुमार गुप्ता, राजकिशोर जायसवाल, राजू गुप्ता, दीपक सिंह, नीतू गुप्ता, सावित्री निकुंज, एंजेला खेस सहित भाजपा पदाधिकारी एवं प्रबुद्ध जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रबुद्ध जन सम्मेलन में जिलेभर के प्रबुद्ध नागरिकों ने सेवा पखवाड़ा के उद्देश्यों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### सेवा पखवाड़ा समाज सेवा करने का अवसर

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में समाज सेवा और जनकल्याण के संकल्प को सुदृढ़ करने का अवसर है। उन्होंने बताया कि भाजपा सिर्फ राजनीति करने वाली पार्टी नहीं बल्कि सेवा को सर्वोपरि मानने वाला संगठन है। पाणिग्रही ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आज देश के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँच रहा है। उन्होंने सभी प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे समाजहित में आगे आएं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

### सेवा ही संगठन की भावना

पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र "सेवा ही संगठन" है और इसी भावना से सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकारों ने हमेशा गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किए हैं। राय ने उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों को आह्वान किया कि वे समाज के हर वर्ग को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें और राष्ट्र की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करें।

### वंचित वर्गों तक पहुंचने का माध्यम

जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों तक पहुंचने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। साय ने बताया कि भाजपा संगठन सेवा को सर्वोच्च मानता है और यही भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान देता है। उन्होंने प्रबुद्ध जनों से आग्रह किया कि वे समाज को जागरूक करें और जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहयोग दें।

# राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का सम्मान



**जशपुरनगर।** शाला प्रबंधन समिति डूमर टोली के द्वारा कार्यक्रम कर राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद भगत अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जशपुर, शांति भगत जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत जशपुर, गोविंद राम भगत पूर्व जनपद अध्यक्ष मनोरा, सलमा भगत डीडीसी, जगपति भगत डीडीसी एवं पूर्व के वर्षों में राज्यपाल सम्मान प्राप्त शिक्षक सुदामा मिश्रा व सुधीर कुमार पाठक पार्षद जशपुर, संकुल प्राचार्य श्रीमती निर्मला तिर्की, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी जगतपाल राम, सरपंच मालती कुजूर व ग्राम डूमरटोली मारगा फतेहपुर के ग्राम वासियों ने उपस्थित होकर इस वर्ष राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक प्रवीण कुमार पाठक प्रधान पाठक माध्यमिक शाला डुमरटोली एवं सरिता नायक प्रधान पाठक मटासी विकासखंड कुनकुरी का सम्मान किया गया। ग्राम वासियों ने अपने पारंपरिक ढंग से नृत्य मांदर बाजा आम पल्लव से पानी छिटना हांथ धुलाना कुमकुम चंदन लगा नृत्य करते हुए मंच में स्थान देकर पुष्प गुच्छ से सम्मानित कर आसन ग्रहण करवाया गया नृत्य दल फतेपुर का नेतृत्व श्रीमती जयमुनी बाई एवं फ्लोरेंशिया भगत फतेपुर के द्वारा किया गया। स्वागत समारोह पश्चात ग्राम पंचायत बुमतेल एवं डुमरटोली के महिला समूहों अभिभावकों ग्रामीणों शिक्षकों के साथ उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को शाल-श्रीफल पुष्पगुच्छ माल्यार्पणकर सम्मान दिया गया। शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में प्रति वर्ष अनुसार रामानुजन गणित विज्ञान क्लब डूमर टोली की ओर से शाला प्रबंध समिति एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोरा के अनुमोदन से विकासखंड में उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य करने के लिए बलदेव ओहदार ओपी चौधरी खैटू राम महतो वंदना मांझी को सम्मान पत्र मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया इसके साथ विगत वर्षों में राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक सुदामा मिश्रा एवं आगामी वर्ष 25-26 राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित रवि गुप्ता का भी सम्मान किया गया। रामानुजन गणित विज्ञान क्लब डुमरटोली प्रभारी शिक्षक सत्यदीप प्रसाद एवं संजीव यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष विकास खंड शिक्षा अधिकारी व संकुल प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया जाता है। उक्त शाला प्रबंध समिति डुमरटोली के द्वारा संपादित शिक्षक सम्मान कार्यक्रम समिति के वरिष्ठ सदस्य मनेजर राम एवं अध्यक्ष मधुमती प्रजापति, शिक्षक किरण राम महारथी मंत्री बाई व संतोषी ओहदार सुचिता तिर्की सुमित्रा बाई रमसी बाई के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

# जशपुर की बेटी शालिनी दिल्ली में होगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड निवासी शालिनी गुप्ता का चयन प्रतिष्ठित संस्था निफा (नेशनल इंटीग्रेशन फॉर आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट) के सिल्वर जुबली समारोह में सम्मान के लिए किया गया है। यह समारोह 21 सितम्बर को राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित होगा।

शालिनी को उनके सामाजिक सरोकारों एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए मॉरिशस के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें यंग सोशल चेंजमेकर अवार्ड, वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लैंड) सर्टिफिकेट, मोमेंटो और पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। निफा संस्था के संस्थापक प्रीतपाल सिंह पन्नू ने कहा कि "यह आयोजन युवाओं को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने और समाज परिवर्तन की दिशा में प्रेरित करने का एक ऐतिहासिक अवसर है।" निफा की राज्य समन्वयक डॉ. प्रियंका बिस्सा ने शालिनी सहित सभी चयनित समाजसेवियों को शुभकामनाएँ दीं। सम्मान को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में तेजराम सारथी ने कहा सम्मान का मतलब केवल मेडल लेना नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारी लेना है।

अब मुझे और अधिक मजबूती व हौसले के साथ समाज के लिए काम करना है। शालिनी के दादाजी बैजनाथ गुप्ता व माता–पिता रामनिवास गुप्ता और संतोषी गुप्ता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि "हमारी बेटी ने गांव और जिले का नाम रोशन किया है। यह हमारे लिए गर्व और खुशी का क्षण है।"

# धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- धर्म विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम टटकेला में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी त्योफिल कुजूर 50 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार 19 सितंबर की शाम करीब 5:30 बजे प्रार्थी डमरूधर यादव 38 वर्ष अपनी भैंस को गांव टटकेला के मनसुटोली में सड़क किनारे चरा रहा था। इसी दौरान गाँव का ही निवासी त्योफिल कुजूर वहाँ पहुँचा और यहाँ भैंस क्यों चरा रहे हो कहकर विवाद करने लगा। थोड़ी ही देर में उसने प्रार्थी को जातिगत गालियां देनी शुरू कर दीं। जब प्रार्थी ने विरोध करते हुए कारण पूछा तो आरोपी बुरी तरह भड़क गया। उसने पहले प्रार्थी को धक्का दिया, फिर उसके पास रखा डंडा छीन लिया और बेरहमी से पीटने लगा। इतना ही नहीं, आरोपी ने प्रार्थी का गला दबाकर उसके गले में पहना बजरंगबली का लॉकेट तोड़ दिया। घटना के दौरान उसने हिन्दू धर्म विशेष पर अपमानजनक टिप्पणी की और करीब 300 मीटर तक मारपीट करते हुए उसे दौड़ाया। घटना की शिकायत पीड़ित ने तत्काल थाना बगीचा में दर्ज कराई। रिपोर्ट की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए बगीचा पुलिस ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक संतलाल आयाम के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी त्योफिल कुजूर के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2) व 299 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

# निज मामले को सामूहिक बनाकर पेश करने का प्रयास



**राउरकेला।** उड़ीसा माइनिंग कॉरपोरेशन के क्षेत्रीय परिवहन कार्यों को लेकर एक नया विवाद खड़ा करने का प्रयास विफल हो गया। जानकारी के अनुसार, स्थानीय स्तर पर कुछ दलाल तत्वों ने वसूली से जुड़े एक निजी मामले को सामूहिक रूप देकर आम अंचलवासी को भ्रमित करने की कोशिश की। इस मुद्दे को अचानक उठाए जाने से क्षेत्र में रोष, भय और आश्चर्य का माहौल बन गया था।

हालांकि प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि क्षेत्रीय परिवहन व्यवस्था पूर्ववत ही जारी रहेगी और किसी भी प्रकार का नया आदेश लागू नहीं होगा। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद इस मामले को उछालने की कोशिश कर रहे समूह को बड़ा झटका लगा है। सूत्रों के अनुसार, जिस विशेष समूह ने यह मुद्दा उठाया है, वह पहले से ही इसी व्यवसाय में संलिप्त रहा है। अब तक उसने कभी सामूहिकता का हवाला नहीं दिया था, लेकिन अचानक से इसे जनहित का मुद्दा बनाने का प्रयास संदेह पैदा कर रहा है। खासकर तब, जब इस क्षेत्र में 18 परिवहन ठेकेदार कंपनियां वर्षों से काम कर रही हैं और उनमें से केवल एक को ही लेकर यह विवाद खड़ा किया गया है। स्थानीय जानकारों का मानना है कि यह पूरा मामला व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा और आपसी रंजिश का परिणाम है, जिसे जनमानस से जोड़कर राजनीतिक या सामाजिक रंग देने का असफल प्रयास किया गया। खबर लिखे जाने तक इस संबंध में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।

## बगीचा क्रिकेट समिति का हुआ निर्वाचन

**जशपुरनगर।** बगीचा क्रिकेट समिति का निर्वाचन संपन्न हो गया है। इस निर्वाचन में सुबोध जायसवाल निर्विरोध अध्यक्ष एवं सुरेश सोरेन निर्विरोध सचिव चुने गए, वहीं आर्यन गुप्ता को उपाध्यक्ष और जगदीश गुप्ता कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। समिति के संरक्षक ताहिर चिश्ती, गुड्डू मिश्रा, मनोज गुप्ता, वरुण जैन ,दीपक सिंह संतोष गुप्ता बनाये गए हैं। समिति के कार्यसमिति सदस्य अवधेश जायसवाल,नीरज गुप्ता ,कौशल शर्मा, डेविड चिश्ती, विनोद शर्मा, रूपेंद्र कौशले, अनिल तिर्की, सुरजन कुजूर राहुल सुमन, विक्की बाखला, नितिन शर्मा , विवेक अग्रवाल आसिफ राजा, बबला गुप्ता, दीपक राजपूत, खगेन्द्र चौहान, धनंजय निराला, शुभम सिडाम, उमेश सोनी नवीन सिन्हा, मुरली भगत, दिलीप जायसवाल, दिवाकर गुप्ता, जयप्रकाश कुजूर, राकेश भगत, सुबेचंद, भरत गुप्ता को सदस्य बनाया गया है।

# राउरकेला में 5 शराब दुकानें खोलने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

- सरकार के फैसले पर विरोध, महिला संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में आक्रोश

ओडिशा सरकार ने हाल ही में राज्यभर में बंद की गई शराब दुकानों में से 70 दुकानों को पुनः खोलने का निर्णय लिया है, जिनमें राउरकेला शहर की 5 दुकानें शामिल हैं। सरकार का तर्क है कि शराब दुकानों को बंद करने से अवैध और नकली शराब का कारोबार तेज़ी से बढ़ा, जिससे जहरीली शराब पीने की घटनाएं और जान का खतरा बढ़ गया है। वैध और नियंत्रित दुकानों के खुलने से सरकार को करोड़ों रुपये का अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त होगा।

हालांकि इस फैसले का स्थानीय स्तर पर जबरदस्त विरोध शुरू हो गया है। महिला संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे सामाजिक ताने-बाने के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि दुकानों के खुलने से घरेलू हिंसा, अपराध और मजदूर वर्ग में आर्थिक संकट बढ़ सकता है। राउरकेला के कई संगठन इस निर्णय के खिलाफ आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम राजस्व और सामाजिक दुष्प्रभावों के बीच संतुलन का मामला है। यदि दुकानों की सख्त निगरानी और बिक्री नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए तो अवैध शराब पर अंकुश लगाया जा सकता है, अन्यथा यह सामाजिक समस्याओं को और बढ़ा देगा। स्थानीय जानकारों ने सवाल उठाया है कि जब राउरकेला के मालगोदाम, झीरपानी, तिलका नगर, बंडामुंडा, लाठीकाटा और कलूंगा जैसे क्षेत्रों में पहले से ही एक ही सिंडिकेट द्वारा खुलेआम अवैध शराब की बिक्री हो रही है, और कुछ बार मॉल एवं अन्य स्थानों पर नियमावली की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, तो कुछ दुकानों के पुनः खुलने से व्यवस्था पर किस प्रकार नियंत्रण पाया जा सकेगा। अब देखना यह होगा कि सरकार स्थानीय संगठनों के विरोध और जनभावनाओं को ध्यान में रखकर अपने फैसले में कितना बदलाव करती है, या फिर राजस्व और नियंत्रण की दलील पर अडिग रहती है।

# जागरूकता अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांसाबेल

प्रयोग समाज सेवी संस्था एकता परिषद के नेतृत्व एव मार्ग दर्शन से जिला जशपुर कांसाबेल में ग्राम सभा जागरूकता अभियान रथ को नायब तसीलदार चंद्रप्रकाश सिंह जनपद अध्यक्ष सरिता भगत और कांसाबेल के सरपंच अनिल कुमार खलखो एवं मुखिया साथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला संयोजिका अंबिका देवी ने बताया कि महिला भूमि अधिकार एवं जीने की संसाधन के तहत जिला जशपुर कांसाबेल ब्लाक के 30 ग्रामों में पहुंच कर ग्राम सभा को सशक्त बनाने एवं महिलाओं को ग्राम सभा में अपनी भागीदारी रखने के साथ युवा पीढ़ी को अपनी बात एवं विचार रखने पर चर्चा की गई।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जशपुर में मैराथन



**जशपुरनगर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जशपुर में नशा मुक्त भारत अभियान को बढ़ावा देने हेतु एक प्रेरणादायक मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, नागरिकों और स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैराथन दौड़ जशपुर जयस्तंभ चौक से शुरू होकर रणजीता स्टेडियम में समापन किया गया। इस आयोजन में जशपुर विधायक रायमुनि भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, एसडीएम विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, एवं समाज कल्याण अधिकारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। क्रीड़ा परिसर के 500 से अधिक बच्चों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मैराथन में भाग लिया। विशेष रूप से समर्थ स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने भी भाग लेकर आम नागरिकों से नशा से दूर रहने की भावपूर्ण अपील की। कार्यक्रम का समापन रणजीता स्टेडियम में हुआ, जहां विधायक श्रीमती राय मुनि भगत ने बच्चों को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया और नागरिकों से आग्रह किया कि वे समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने में सहयोग करें।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता संवाद

**जशपुरनगर।** जिले में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता संवाद एवं श्रमदान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी देना, खुले में शौच मुक्त वातावरण बनाने तथा घर-घर कचरा संग्रहण जैसी गतिविधियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने श्रमदान कर सार्वजनिक स्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालय परिसरों एवं ग्राम चौपालों की सफाई की। इसमें बच्चों और महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, स्वच्छाग्रहियों और स्वयंसेवी संगठनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

### मिला सुरक्षित आवास और सम्मानजनक जीवन

# पीएम आवास योजना से सुदूर गांवों में पहुंच रही नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत सुदूर गाँवों में बसे जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों को अब सुरक्षित छत और सम्मानजनक जीवन मिल रहा है। इस योजना ने न केवल आवासहीन परिवारों के सपनों को साकार किया है, बल्कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा और आत्मसम्मान का नया आधार भी प्रदान किया है।

मनोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बुमतेल निवासी श्री लखन उरांव इस योजना से लाभान्वित होकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले एक सशक्त उदाहरण बने हैं। वर्षों तक कच्चे मकान में रहने के कारण उन्हें और उनके परिवार को बारिश और ठंड में असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। छत से पानी टपकना, बार-बार घर की मरम्मत करना और बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण का अभाव, इनके जीवन की सबसे बड़ी समस्या रही। प्रधानमंत्री आवास योजना से स्वीकृत आवास ने श्री लखन के इन सभी कष्टों को दूर कर दिया। उन्होंने समय पर मकान निर्माण पूरा किया और अब उनके परिवार के पास स्थायी व सुरक्षित घर है। हितग्राही श्री लखन ने भावुक होकर बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने हमें सुरक्षित छत दिया है। बरसात के दिनों में अब हमें पानी टपकने की चिंता नहीं होती और बार-बार मरम्मत के झंझट से भी मुक्ति मिल गई है। उन्होंने आगे बताया कि उन्हें शासन से आयुष्मान भारत कार्ड और राशन कार्ड की सुविधा भी प्राप्त हुई है, जिससे उनके जीवन में और अधिक सहजता और सुरक्षा आई है। अब वे न केवल सुरक्षित घर में रह रहे हैं, बल्कि स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से भी लाभान्वित हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना केवल एक आवास निर्माण की योजना नहीं, बल्कि यह सम्मान और नई उम्मीद की आधारशिला है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवार भयमुक्त होकर सुरक्षित भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

# पंचायत स्तरीय समितियों का आपसी संपर्क कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांसाबेल

कांसाबेल स्थित जीवन झरना विकास संस्था के तत्वावधान में विकासखण्ड पत्थलगांव के 8 पंचायतों में गठित पंचायत स्तरीय समितियों निगरानी समिति, युवा समिति, शालात्यागी किशोरी समिति एवं महिला लीडर समूह का शासकीय विभागों एवं पुलिस विभाग के साथ आपसी संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में थाना बागबहार के थाना प्रभारी अशोक शर्मा, वरिष्ठ आरक्षक श्री साहू, आरक्षक पवन कुमार पैंकरा, पंचायत प्रतिनिधि, समिति सदस्य एवं संस्था प्रमुख सिस्टर एनी सहित स्टाफ उपस्थित रहे। थाना प्रभारी श्री शर्मा ने पॉक्सो अधिनियम 2012 की विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों की सुरक्षा, गुड टच–बैड टच और अपराध की स्थिति में त्वरित कार्यवाही पर प्रकाश डाला। वहीं आरक्षक साहू ने मानव व्यापार, साइबर अपराध एवं सड़क सुरक्षा पर जागरूक किया। उपस्थित किशोरियों और महिलाओं ने अपनी समस्याएँ रखीं जिनके समाधान हेतु अधिकारियों ने मार्गदर्शन दिया। संस्था प्रमुख सिस्टर एनी ने लिंग भेदभाव और नशामुक्ति पर जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पहल को सराहते हुए अपने-अपने गांवों में सीखी बातों को साझा करने का संकल्प लिया।

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

मां बंजारी धाम तराईमाल में भव्य कलश यात्रा सम्पन्न





## खबर संक्षेप

### जेल से फरार विचाराधीन कैदी मृत मिला

**राउरकेला।** विश्वकर्मा पूजा के दिन राउरकेला स्पेशल जेल से फरार हुआ विचाराधीन कैदी सुरेश बड़ला रविवार सुबह मृत अवस्था में मिला। उसका शव जेल परिसर के पीछे स्थित जंगल क्षेत्र की समतल भूमि पर बरामद हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस वैज्ञानिक दल के साथ मौके पर पहुँची और जांच शुरू कर दी। सुरेश बड़ला राउरकेला के कलूंगा, ब्राह्मनीतरंग थाना क्षेत्र का निवासी था। जुलाई माह से वह जेल में बंद था। उस पर अपनी ही मां की हत्या का प्रयास करने का गंभीर आरोप था। सूत्रों के अनुसार, कुछ दिन पहले वह टावर के सहारे जेल की दीवार फांदकर फरार हो गया था। यह घटना उस समय पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी किरकिरी का कारण बनी थी। अब उसके शव का इस हालत में मिलना पुलिस के लिए फिर से सिरदर्द बन गया है। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और सुरेश के परिजन भी पहुँचे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौत के कारणों का अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति सामने आएगी। फिलहाल पुलिस टीम मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू की जांच में जुटी हुई है। इस सनसनीखेज घटना ने पूरे क्षेत्र में चर्चा और सवाल खड़े कर दिए हैं कि जेल से फरार होने के बाद सुरेश की मौत किन परिस्थितियों में हुई।

### महिला को पीटा, वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

**सुंदरगढ़।** ज़िले के बड़गाँव थाना क्षेत्र से एक अमानवीय घटना सामने आई है, जिसने समाज को झकझोर कर रख दिया। पत्नी के कथित परकिया संबंध का मामला उजागर होने के बाद, उसके पति ने उसे गाँव के बीचोंबीच निर्वस्त्र कर घुमाया और बेरहमी से पीटा। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो वायरल हो गया है, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। जानकारी के अनुसार, पीड़िता का पति बेंगलुरु में काम करता है। इस दौरान महिला का पड़ोसी गाँव के एक युवक से संबंध बन गया। आरोप है कि उक्त युवक पिछले चार दिनों से महिला के घर पर ही रह रहा था। जब यह बात ग्रामीणों को पता चली, तो उन्होंने दोनों को पकड़ लिया और गाँव में कंगारू कोर्ट बिठा दी। कथित रूप से पूछताछ में दोनों ने संबंध स्वीकार भी किया। मामला सामने आने के बाद महिला का पति बेंगलुरु से लौट आया। इसके बाद उसने पत्नी को सबके सामने बुरी तरह पीटा और निर्वस्त्र कर गाँव में घुमाया। इस अमानवीय कृत्य का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद सुंदरगढ़ एसपी अमृत पाल कौर स्वयं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचीं और घटना की जाँच शुरू की। पुलिस ने अब तक 14 ग्रामीणों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि अब तक पीड़िता या उसके परिजनों की ओर से कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

# हाथी पर सवार होकर आ रहीं माता रानी, मंदिरों में तैयारियां पूरी

**इस बार दस दिनों तक मनाया जाएगा क्वांर नवरात्र**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

क्वार नवरात्र आज से शुरू हो रहा है और इस बार यह पर्व दस दिन तक चलेगा। इस अवसर पर देवी मंदिरों में घट स्थापना और पूजा की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। खास बात यह है कि इस बार माता रानी भक्तों को हाथी पर सवार होकर दर्शन देंगी।

**देवी मंदिरों में होंगे विविध आयोजन**

दस दिन तक चलने वाले इस नवरात्रि में शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में पूजा अर्चना और भजन संध्या का विशेष आयोजन होगा। बूढ़ी माई मंदिर को रंग.रोगन और झालरों से सजाया गया है। इसी तरहए दुर्गा मंदिर और समलाई मंदिर में विधिवत पूजा पाठ और भजन संध्या का आयोजन होगा। बंजारी धाम में पूरे दस दिनों तक मेले जैसा माहौल रहेगा। हर साल की तरहए मंदिरों से कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। भक्तजन पूरे दस दिन मंदिरों में पूजा और साधना में शामिल होंगे। इसके साथ ही घर-घर मां देवी की उपासना की जाएगी और ज्योति कलश की स्थापना भी की जाएगी।

पंडित मनीष पाणिग्रही का कहना है कि हाथी पर सवार माता सुखए समृद्धि और शांति का प्रतीक हैं। उनका आगमन इस नवरात्रि को कई मायनों में विशेष बनाता है और इसे भक्तों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया गया है। पंडित मनीष पाणिग्रही ने बताया कि हाथी पर माता का आगमन व्यापारी वर्ग और अन्य कार्यों से जुड़े लोगों के लिए शुभ योग बनाता है। साथ हीए यह किसानों के लिए भी शुभ संकेत है, जो इस साल अच्छी फसल और समृद्धि की उम्मीद दर्शाता है। शास्त्रों में मां के इस रूप को भक्तों की समस्त इच्छाओं को पूरा करने वाला माना गया है। शहरभर में नवरात्रि के दौरान भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक आयोजन चलेंगे। हाथी पर सवार माता रानी के दर्शन भक्तों को सुखए समृद्धि और शांति का आशीर्वाद देंगे।



## ड्रग इंस्पेक्टर की दलील : मेडिकल स्टोर्स में कस रहे शिकंजा

# बॉर्डर से रायगढ़ में आ रहा नशीला इंजेक्शन, पुलिस के हाथ सिर्फ डीलर..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ओडिशा बॉर्डर से रायगढ़ में नशीली इंजेक्शन और टेबलेट्स आसानी से प्रवेश कर रहे हैं, लेकिन ऐसे गिरोह को बेड़ियों में जकड़ने के बजाय पुलिस के हाथ सिर्फ डीलर ही लग रहे हैं। इधर शहर में इस तरह की प्रतिबंधित दवाइयां आसानी से नशेड़ियों को उपलब्ध हो रही है पर स्वास्थ्य विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर इसे साफ झूठ बता रहे हैं। उनकी मानें तो शहर के मेडिकल स्टोर्स में इस तरह की नशीली ड्रग सामग्रियां पूरी तरह प्रतिबंधित हैं और बिकती ही नहीं हैं। ये दवाइयां तो ओडिशा और झारखंड सीमा से आ रही है। इस तरह जिम्मेदार अपने कर्तव्यों से पल्ला झाड़ रहे हैं, जिससे शहर के युवा और बच्चे नशे के शिकार हो रहे हैं।

दरअसल सालों से शहर के अधिकांश क्षेत्रों में नशीली इंजेक्शन, टेबलेट्स बिकने का चलन है। जब कभी स्थानीय निवासी इसका विरोध करते हैं तो पुलिस को मजबूरन कार्रवाई करनी पड़ती है। खास बात यह है कि पुलिस के हाथ सिर्फ डीलर ही लगते हैं, जबकि उनको ये सामान ओडिशा सहित अन्य प्रांतों से जिले में लाकर उपलब्ध कराया जाता है। हाल ही में हुए रायगढ़ पुलिस की कार्रवाई से ही इस बात का खुलासा हुआ है। इसके बाद भी पुलिस के हाथ ऐसे गिरोह तक नहीं पहुंच पा रही है। खास बात यह है केन्द्र और राज्य सरकार नशामुक्ति को लेकर तरह तरह की योजनाएं चला रही है, गांव-गली-मोहल्लों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके बाद भी रायगढ़ में इन प्रतिबंधित दवाइयों की धड़ल्ले से बिक्री जारी है।



नशीली इंजेक्शन और प्रतिबंधित दवाइयों के सौदागरों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। भविष्य में जल्द ही ऐसे गिरोह तक भी पुलिस के हाथ पहुंचेंगे, इसके लिए पुलिस की विशेष टीम काम कर रही है।
**अनिल विश्वकर्मा,**
डीएसपी, साइबर सेल



**दूसरे राज्यों से शहर में आकर खप रहा है माल**

**किसी काम के नहीं चेकपोस्ट, बेरोक-टोक जिले में घुस रहे तस्कर**

गौर करने वाली बात यह है कि शहर के आउटर इलाकों में पुलिस के कई चेकपोस्ट हैं, जोकि ओडिशा सहित अन्य प्रांतों के बॉर्डर से जुड़ते हैं। पहाड़ मंदिर, टीवी टॉवर, रेंगालपाली, इंदिरा विहार, उर्दना, कुकुर्दा सहित कई बैरियर हैं, जहां पुलिस चाहे तो रोजाना चेकिंग अभियान चला सकती है और इस तरह के प्रतिबंधित सामग्रियों की तस्करी पर रोक लगाया जा सकता है, लेकिन पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण ये चेकपोस्ट किसी काम के नजर नहीं आते। यहां न तो किसी जवानों की तैनाती रहती है और न ही कोई रोक-टोक रहता है। कई बार तो आसामिजक तत्व इन्हीं चेकपोस्ट पर नशाखोरी करते नजर आते हैं।

**रायगढ़ पुलिस का अंतर्राज्यीय मुखबिर तंत्र फेल**

एक समय ऐसा भी था जब ओडिशा से गांजा, नशीली इंजेक्शन, कफ सिरप, टेबलेस्ट्स कोई भी मादक पदार्थ बॉर्डर में घुस नहीं पाते थे। रायगढ़ पुलिस की अंतर्राज्यीय मुखबिर तंत्र इतना मजबूत था कि रास्ते में ही तस्करों को दबोच लिया जाता था, लेकिन अब तो कभी कभार ही ऐसी कार्रवाई देखने को मिलती है। वहीं जब इन सामग्रियों की शहर में खपत हो जाती है और बिक्री होने लगती है तो पुलिस को इसकी भनक लगती है। इससे तो यही लग रहा है कि पुलिस के मुखबिर तंत्र भी कमजोर होने लगे हैं।

**शहर में नहीं मिलती नशीली इंजेक्शन : ड्रग इंस्पेक्टर**

इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर अमित राठौर ने कहा कि ऐसे मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बुटरम, पेंटाजोसिन जैसी नशीली इंजेक्शन व दवाइयों को रायगढ़ में पूरी तरह बैन कर दिया गया है। होलसेर भी अब इन्हें नहीं मंगा रहे हैं, हमारे द्वारा इसकी पूरी जांच की जा रही है। बात रही इसकी रायगढ़ में आने की तो वो ओडिशा, रांची जैसे राज्यों से आ रही है। पहले लोग ऐसी नशीली इंजेक्शन के लिए शहर के मेडिकल स्टोर्स से सिरिंज खरीदते थे, उसे भी बैन कर दिया गया है। बिना पर्ची के सिरिंज भी नहीं दिया जा रहा है। इसके बाद भी अगर शहर में इसकी बिक्री की जानकारी मिल रही है तो मैं इसे दिखवाता हूं।

**सिर्फ प्यादे ही पहुंचते हैं सलाखों के पीछे**

हाल ही में कोतवाली पुलिस ने शहर के जोगीडीपा में एक महिला और ढिमरापुर में एक युवक को नशीली इंजेक्शन बेचते पकड़ा है। खास बात यह है कि दोनों ही मामलों में इस बात का खुलासा हुआ है कि ओडिशा के कनकतुरा का कोई व्यक्ति इन्हें ये प्रतिबंधित सामग्रियां उपलब्ध कराता है। इसमें इंदिरा नगर के एक युवक का भी नाम सामने आया है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी पुलिस ने सिर्फ उक्त महिला व युवक को ही गिरोह का मास्टर माइंड मान लिया और कार्रवाई कर उन्हें सलाखों के पीछे भेते हुए खानापूर्ति कर ली। जबकि इसकी जड़ तक जाने पर पूरे गिरोह का भांडाफोड़ हो सकता है और प्यादों के बजाय पुलिस के हाथ वजीर भी लग सकते हैं।

# नाबालिगों को साल्यूशन बेचने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल पुलिस ने नाबालिगों को नशे के रूप में साल्यूशन बेचने वाले आरोपी को दबोचा है। जिसके पास से साल्यूशन ट्यूब, बाइक व रकम बरामद किया गया है। वहीं उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

दरअसल पुलिस को सूचना मिली कि शेख अहसान उद्दीन कादरी नाम का व्यक्ति बाइक की डिक्की में साल्यूशन ट्यूब रखकर बेच रहा है और मिनीमाता चौक, पुराने रेलवे फाटक के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध को हिरासत में लिया, जिसकी पहचान शेख अहसान उद्दीन कादरी पिता शेख नसीरूद्दीन कादरी 36 वर्ष निवासी थाना के पीछे, जूटमिल रायगढ़ के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसकी बाइक की डिक्की से एक बैग बरामद किया गया, जिसमें 19 नग सुलेशन ट्यूब मिली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह साल्यूशन राउरकेला, ओडिशा की दुकान से करीब 15 दिन पहले दो कार्टन खरीदी था और नाबालिगों को नशा करने के लिए बेच रहा था।

### राउरकेला स्मार्ट सिटी में भ्रष्टाचार, जांच की मांग

**राउरकेला।** राउरकेला स्मार्ट सिटी परियोजना में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने तत्कालीन बीजू जनता दल सरकार के समय किए गए घोटालों की सीबीआई द्वारा नैतिक और फॉरेन्सिक जांच की मांग की है। आरोपों के अनुसार, करोड़ों रुपए की स्वीकृत राशि के बावजूद कई परियोजनाएँ अधूरी पड़ी हैं। 2021 के सेंट्रल पार्क प्रोजेक्ट और 2024-25 में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों में अनियमितताएँ पाई गईं। सितंबर 2025 में लगभग 23.59 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे पार्क प्रोजेक्ट में भी भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण के आरोप लगे हैं। डॉ. राजकुमार यादव ने कहा कि सभी कार्यों, ठेकों और भुगतानों की गहन जांच हो, दोषियों पर आपराधिक कार्रवाई की जाए और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों एवं ठेकेदारों से जनधन वसूला जाए, ताकि जनता का भरोसा बहाल हो।

# घरघोड़ा में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा तहसील के ग्राम भालूमार में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने तहसीलदार से तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्राम पटेल प्रकाश कुमार पंडा, पूर्व उपसरपंच राजेश देवता, वर्तमान उपसरपंच डोल कृष्ण पटेल और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बजरमुड़ा निवासी श्रीमती निशा पटेल पति कन्हैया पटेल ने सरोज पंडा की भूमि के साथ-साथ 15 फीट चौड़े सार्वजनिक रास्ते और बड़े भूभाग पर मरमानेंट तार लगाकर कब्जा कर दिया। इस कब्जे से ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो रहा है। पूर्व में राजस्व अधिकारियों ने पंचनामा और सीमांकन किया था, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि निशा-पति ने सार्वजनिक और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस तरह के अवैध कब्जों की उनका परिवार पहले भी कई मामलों में नामजद रहा है। घरघोड़ा तहसील कार्यालय के पटवारी और राजस्व अमले ने मौके पर जाकर पंचनामा तैयार किया और पाया कि यह भूमि अभी भी शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज है, लेकिन कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों ने युवा आईएएस अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई और शासकीय भूमि तुरंत खाली करने तथा बाउंड्रीवाल तोड़ने की मांग की है।



■ ग्रामीणों ने तहसीलदार से कार्यवाही की मांग की

# सांड ने महिला को पटका तो सर्पदंश से बुजुर्ग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली और पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग घटना में दो की मौत हो गई। पहली घटना में काम करके घर लौट रही महिला को एक सांड ने हमला कर दिया, जिससे उसकी अस्पताल में मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में शौच के लिए तालाब गए बुजुर्ग सर्पदंश का शिकार हो गया जिससे उसकी भी मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

**खास बात**

■ कोतवाली और पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का मामला, मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

पहली मामला कोतवाली थाना क्षेत्र की है। शहर के मधुबन मोदीपारा निवासी लक्ष्मीन यादव 60 साल, घरेलू काम करके अपना जीवन यापन करती थी। सुबह 8 बजे लक्ष्मीन यादव मोहल्ले में ही काम करने गई हुई थी, जहां से 10 बजे वह अपने घर लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में एक सांड से महिला का सामना हो गया, जिसके बाद सांड ने महिला को तीन से चार बार उठाकर पटक दिया। इस घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को उपचार के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां देर रात 12 बजे के आसपास महिला की मौत हो गई।

ऐसे में पुलिस ने मर्ग पंचनामा कार्रवाई और पीएम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। दूसरा मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है, जहां ग्राम पाली निवासी जोगीराम धनवार बीती रात खाना खाने के बाद शौच के लिए गांव के तालाब की ओर गया था, जहां जहरीले सांप ने उसके बाएं हाथ की उंगली को काट लिया। इस घटना की जानकारी घर पहुंचकर बुजुर्ग ने परिजनों को दी। इसके बाद बुजुर्ग को रायगढ़ के रूपेन्द्र पटेल अस्पताल में बुजुर्ग भर्ती कराया गया था, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

**रेस्ट हाउस की हालत भी बदतर, ऐतिहासिक डेम को संरक्षित रखने कोई नहीं कर रहा पहल**

# किंकारी जलाशय की उपेक्षा से ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बरमकेला ब्लाक के धनगांव व लैंध्रजोड़ी में स्थित प्रसिद्ध किंकारी जलाशय की दशा दिनोंदिन खराब होती जा रही है। देखरेख और मरम्मत के अभाव में डेम में जगह-जगह पत्थर धंसने लगे हैं। हालात ऐसे हैं कि आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं किया गया तो कभी भी डेम धंस सकता है, जिससे आसपास के दर्जनों गांव जलमग्न हो सकते हैं। डेम की मेड पर जगह-जगह बड़े-बड़े पेड़ उग आए हैं, जिससे उसकी मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। विभागीय अधिकारी इस स्थिति के लिए कर्मचारियों की कमी को जिम्मेदार ठहराते हैं और सरकार से फंड की मांग कर रहे हैं।

इतना ही नहीं किंकारी जलाशय परिसर में बना रेस्ट हाउस भी बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। अंदर रखा सामान टूट-फूट चुका है और भवन जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह जगह अब शराबियों का अड्डा बन गया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते डेम की मरम्मत और सौंदर्यीकरण नहीं किया गया तो यह विभाग की गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। अगर सही समय में डेम का मरम्मत नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



**ग्रामीण रातभर देते हैं पहरा**

डेम धंसने की स्थिति में आसपास के गांव डूब जाएंगे और जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। गांव के लोग रात-रातभर जागकर पहरा देते हैं। उन्हें वित्त मंत्री ओपी चौधरी से उम्मीद है कि वो डेम का सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार की पहल करें।

**धार्मिक आस्थाओं से जुड़ा है यह डेम**

किंकारी जलाशय सिर्फ जल स्रोत ही नहीं बल्कि दर्शनीय स्थल और पिकनिक स्पॉट के रूप में भी जाना जाता है। यहां स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सावन माह के हर सोमवार को हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुंचते हैं, वहीं प्रसिद्ध घंटेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था है कि यहां हर मनोकामना पूर्ण होती है। छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी पर्यटक यहां पिकनिक मनाने और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने आते हैं।

**तीन धाराओं के संगम का दृश्य**

डेम का खास महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसका ओवरफ्लो पानी नाला में आकर तीन धाराओं के संगम जैसा दृश्य प्रस्तुत करता है, जिसे लोग गंगा-जमुना-सरस्वती का संगम मानकर श्रद्धा भाव से देखते हैं। किंकारी जलाशय क्षेत्र प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक आस्था का संगम है, लेकिन उपेक्षा और मरम्मत की कमी से यह धरोहर खतरे में है। यदि समय रहते सरकार और विभाग ने ठोस कदम नहीं उठाए तो यह न केवल पर्यटन और धार्मिक स्थल की पहचान खो देगा बल्कि दर्जनों गांवों के लिए संकट भी बन सकता है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### प्रधान पाठक साहू ने मां के नाम पर रोपे पौधे

**कोसीर।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर शासकीय प्राथमिक शाला साराडीह में एक अनोखी पहल की गई। प्रधान पाठक रमाशंकर साहू की अगुवाई में विद्यालय परिसर एवं बच्चों के घरों में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक छात्र को अपनी मां के नाम पर एक-एक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया। विद्यालय में आम, अमरूद, कटहल और मुनगा जैसे पौधे लगाए गए। पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं बच्चों को दी गई है, वहीं उनकी नियमित मॉनिटरिंग प्रधान पाठक साहू द्वारा की जाएगी। विशेष बात यह रही कि परीक्षा के पहले पुनः पौधों का अवलोकन किया जाएगा और जिन बच्चों के पौधे सुरक्षित रहेंगे, उन्हें वार्षिक परीक्षा में 10 अतिरिक्त अंक देने की घोषणा की गई।

### शिक्षक-विद्यार्थियों ने मिलकर दिया संदेश

**रायगढ़।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कोतरा में स्वच्छता पखवाड़ा उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्लोगन प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पेंटिंग और मूर्ति शिल्प कला जैसी गतिविधियों में भाग लेकर स्वच्छता का संदेश समाज तक पहुँचाया। विद्यालय के नन्हे बच्चों ने कक्षाओं और प्रांगण में स्वयं झाड़ू लगाकर यह दिखाया कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, जीवन का मूल मंत्र है। सभी शिक्षकों ने भी झाड़ू उठाकर सफाई का संदेश दिया और कहा कि स्वच्छता ही सेवा है, सेवा से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। एचओडी शांति मिश्रा ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की और कहा कि उनके स्लोगन, निबंध और कला कार्य समाज में स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा देंगे। प्राचार्य आरसी नवनीत ने बताया कि विद्यालय परिवार का सामूहिक प्रयास ही इस अभियान की सफलता का आधार है।

### छात्रावास में बच्चों को वितरण किए गए गणवेश

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर स्थित बालिका एवं बालक छात्रावास में बच्चों के लिए नए गणवेश वितरित किए गए। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। छात्रावास अधीक्षक सीएस मिश्रा ने छात्रों को उनके गणवेश सौंपे और उनके सम्मान में बच्चों को शुभकामनाएं दी। जानकारी के अनुसार, बालक छात्रावास बोरोडिपा के दुर्गा मंडप मैदान परिसर में स्थित है, जबकि बालिका छात्रावास कालेज रोड पर है। छात्रावास में निवासरत बच्चों को अलग-अलग समय पर नए गणवेश प्रदान किए गए। इस वितरण के लिए इस्तेमाल की गई राशि उन सरकारी फंडों की बचत से खरीदी गई, जो छात्रों के दैनिक उपयोग में बची हुई राशि में से आवंटित की गई थी। इस अवसर पर नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष उमेश साव, पार्षद पप्पू लाल यादव, पूर्व सरपंच फगुलाल गुप्ता, लेकरू देहरी, मंडल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### रामेश्वर सिंह को मिली बिजली बिल से राहत

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने रायगढ़ के कृष्णा वाटिका निवासी रामेश्वर सिंह के जीवन में बड़ा बदलाव ला दिया है। पहले उन्हें हर माह 3,000 रुपए से अधिक का बिजली बिल चुकाना पड़ता था, लेकिन अब उनके घर का बिजली खर्च लगभग शून्य हो गया है। मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखने वाले श्री सिंह बताते हैं कि गर्मी के दिनों में कूलर और पंखों की अधिक खपत से बिल बहुत बढ़ जाता था, जिससे घरेलू बजट पर बोझ पड़ता था। इसी बीच उन्होंने योजना के बारे में जाना और तुरंत आवेदन किया। टीम ने उनके घर का निरीक्षण कर सोलर सिस्टम लगाने की सलाह दी। सरकारी सब्सिडी और आसान प्रक्रिया के कारण कुछ ही हफ्तों में उनके घर की छत पर सोलर पैनल लग गए। अब वे बिजली विभाग पर निर्भर नहीं हैं और अपनी जरूरतें पूरी करने में पूरी तरह आत्मनिर्भर हो गए हैं। रामेश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने हमारी सबसे बड़ी चिंता दूर कर दी। अब हम बिना परेशानी के बिजली का उपयोग कर रहे हैं और पर्यावरण की रक्षा में भी योगदान दे रहे हैं।

### ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्टिंग के बाद से हो रही अनदेखी

# सारंगढ़ बस स्टैंड की सुध नहीं ले रहा नगर निगम, सुविधाओं के लिए तरस रहे मुसाफिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ शहर का सारंगढ़ बस स्टैंड अपनी बदहाली से जूझ रहा है। रोजाना सैकड़ों यात्री यहां से सारंगढ़, सरिया, बिलासपुर और चांपा जैसे इलाकों के लिए सफर करते हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। पार्किंग, शौचालय और प्रतीक्षालय जैसी जरूरी व्यवस्थाओं के अभाव में लोग मजबूरी में परेशानियों के बीच सफर करने को मजबूर हैं।

बता दें कि सालों पहले इस बस स्टैंड को ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट किया गया है। लेकिन शिफ्टिंग के बाद नगर निगम ने इसे भूला दिया है। नगर निगम में कई बार सत्ता बदल गई। शहर सरकार में हर बार नए चेहरे सामने आए, लेकिन किसी ने यहां की सुध नहीं ली। उल्टा हर बार यहां परेशानी ही बढी है। बस स्टैंड बाईपास के सामने बना है। जहां चौबीसों घंटे ट्रकों का आना जाना लगा रहता है। इससे पूरे परिसर में धूल उड़ती रहती है। यात्रियों का कहना है कि धूल की वजह से बस का इंतजार करना भी मुश्किल हो जाता है। बरसात में हालात और खराब हो जाते हैं। स्टैंड में पानी और कीचड़ भर जाता है जिससे लोगों को खड़े होने तक की जगह नहीं मिलती।

#### प्रतीक्षालय जर्जर, चोरों ने चुरा लिया है पंखा

बस स्टैंड का प्रतीक्षालय पूरी तरह जर्जर हो चुका है। छत और दीवारें टूटी हुई हैं बारिश का पानी अंदर बहने लगता है और बैठने के लिए लगी कुर्सियां भी टूट चुकी हैं। यात्रियों को घंटों खड़े रहकर बस का इंतजार करना पड़ता है। यहां ये बताना लाजिमी होगा कि प्रतीक्षालय में सिलिंग फैन भी नहीं चलता है। यहां सिलिंग फैन को चोरों ने चुरा लिया था, तब से यहां पंखा नहीं लगा है। तपती गर्मी में लोग यहां बैठकर बसों का इंतजार करते हैं।

#### पार्किंग और शौचालय का अभाव

यहां यात्रियों के लिए न पार्किंग की जगह है और न ही शौचालय है। लोग मजबूरी में अपनी गाड़ियां बाहर सड़क किनारे खड़ी करते हैं जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। शौचालय न होने से महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। रविवार को हमने कई लोगों से बातचीत की तो उन्होंने इसका जिम्मेदार नगर निगम को बताया। यात्रियों ने कहा कि बस स्टैंड में कम से शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए।

#### यात्रियों ने की शिकायत

यात्री शुभम कुमार ने कहा अगर एक दो समस्या होती तो समझ आता, लेकिन यहां तो हर तरफ दिक्कत है। सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। उन्होंने बताया की शौचालय नहीं है, जिसकी वजह से छोटे बच्चों और महिलाओं को काफी दिक्कत होती है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी बस स्टैंड की हालत जानते हुए भी सुधार की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहे। मरम्मत और साफ सफाई तक की सही व्यवस्था नहीं है। सारंगढ़ बस स्टैंड की यह हालत नई नहीं है, लंबे अर्से से यहां लोगों को समस्याओं का सामना करना पड रहा है। लेकिन इसका आज तक समाधान नहीं हो पाया।



## मां बंजारी धाम तराईमाल में भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम, तराईमाल में रविवार 21 सितंबर को शारदीय नवरात्र पर्व के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस कलश यात्रा में हजारों की संख्या में माता-बहनें एवं श्रद्धालु भक्तगण शामिल हुए।

कलश यात्रा की शुरुआत गांव तराईमाल से हुई, जहां महिलाओं ने पित्तवस्त्र और आभूषणों से सुसज्जित होकर पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। यज्ञाचार्य पंडित साथियों और यजमान परिवारों ने विधि-विधान के साथ जलदेव की पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। मांदर और झांझ की मधुर धुनों के बीच कलश यात्रा लगभग 3 किलोमीटर की परिक्रमा करते हुए माँ बंजारी धाम पहुंची, जहां विधिवत कलश स्थापना की गई। यात्रा के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बंजारी माँई सेवा समिति ने भक्तों के लिए पूजा-अर्चना, भोजन, प्रसाद, पेयजल, पार्किंग और सुरक्षा की सुदृढ़ व्यवस्था की। धाम परिसर में भारत मानचित्र से सुसज्जित जलाशय, माँ बंजारी सरोवर, अखंड यज्ञशाला, विशाल दीपगृह, हनुमान, शिव, लक्ष्मीनारायण, राधाकृष्ण एवं रामदरबार सहित विभिन्न मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। प्राकृतिक वनांचल और केलो नदी का मनोरम दृश्य भी श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है। 22 सितंबर से मनोकामना दीप गृह में हजारों दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। वहीं 30 सितंबर को अष्टमी पूजा, 1 अक्टूबर को महानवमी पर सामूहिक हवन-पूजन, कन्या भोज और महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ थाने में सौंपा ज्ञापन



**पुसौर।** खरसिया विधायक एवं पूर्व मंत्री उमेश पटेल के वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान कार्यक्रम के दौरान कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय सम्मान के प्रतीक अशोक चक्र के अपमान का आरोप लगाते हुए उनके छवि को धूमिल करने की कोशिश करने पर कांग्रेसियों ने पुसौर थाने में ज्ञापन सौंपा है।

जानकारी के अनुसार, 16 सितंबर को रायगढ़ में कांग्रेस पार्टी की वोट अधिकार रैली आयोजित की गई थी, जिसका नेतृत्व राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वर्तमान छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट कर रहे थे। इस रैली में कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व केबिनेट मंत्री और खरसिया विधायक उमेश पटेल, तथा क्षेत्र के कई दिग्गज कांग्रेसी नेता शामिल थे। रैली के काफिले में एक वाहन के बोनट पर उमेश पटेल और कांग्रेस के पंजा चिन्ह सहित एक चक्र की आकृति लगी हुई थी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे अशोक चक्र के अपमान के रूप में पेश कर उमेश पटेल की छवि को राष्ट्रविरोधी बताने का प्रयास किया। कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि उमेश पटेल हमेशा सभ्य और शांत स्वभाव के रहे हैं, और उन्होंने कभी किसी कर्मचारी या विरोधी के साथ असभ्य व्यवहार नहीं किया। अतः अशोक चक्र का अपमान करने का आरोप पूरी तरह निराधार है। इस पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लीलाधर चौधरी के नेतृत्व में विधायक प्रतिनिधि नरेश तिवारी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रोहित पटेल, पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर, पूर्व सरपंच नरसिंह चौहान, पूर्व सरपंच अशोक डनसेना सहित क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा।

## 52 पत्तियों के साथ सात युवक जुआ खेलते पकड़े गए

**कटेली।** थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ पुलिस ने जुआ खेलने वालों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सात युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कामिल हक के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा की गई। मिली जानकारी के अनुसार, 20 सितम्बर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चुरेला नहर पार क्षेत्र में कुछ लोग 52 पत्तियों से काटपत्ती नामक जुआ खेलकर रुपए-पैसे का दांव लगा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी, जहां सात युवकों को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मुकेश साहू 22 निवासी चंदाई, निलेश खुटें 21 निवासी चंदाई, ताराचंद साहू 33 निवासी रक्शा थाना कोसीर, श्यामलाल निषाद 26 निवासी लीमगांव थाना केडार, हीरा निराला 52 निवासी लेंध्रा थाना कोसीर, कुलदीप भारद्वाज 23 निवासी चुरेला, तथा अजय भारद्वाज 37 निवासी चुरेला शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल नगद 8,370 जब्त किया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है।



## नवरात्र व दशहरा पर्व को लेकर कोसीर थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न



**कोसीर।** आगामी नवरात्र पर्व और दशहरा उत्सव को लेकर रविवार को कोसीर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सुनीता नाग बंजारे ने की। इस अवसर पर अंचल के सरपंच, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकार साथी तथा पुलिस स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

थाना प्रभारी बंजारे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्र पर्व 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है, इसलिए सभी ग्रामीण व नगरवासी आपसी भाईचारे और पूर्ण शांति के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नवरात्र पर्व आस्था और भक्ति का प्रतीक है, जिसे समाज की एकता और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। यदि कहीं भी विवाद या अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। बैठक में उपस्थित जनों को साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों के प्रति भी जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीण अंचल के लोग अक्सर अज्ञात कॉल और ऑनलाइन लिंक के जरिए ठगी का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने अपील की कि बैंक से जुड़े गोपनीय दस्तावेज या ओटीपी किसी भी अजनबी को साझा न करें। बैठक के दौरान उपस्थित सभी सरपंचों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे और पुलिस को सहयोग देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का समापन आपसी सहमति और सहयोग की भावना के साथ हुआ।

#### कोसीर में नवरात्र पर्व आज से होगा प्रारंभ

**कोसीर।** मां कौशलेश्वरी की ऐतिहासिक नगरी कोसीर में आज से नवरात्र पर्व का शुभारंभ हो रहा है। ग्राम कोसीर प्राचीन समय से ही मां कूशलाई दाई की उपासना का केंद्र रहा है। यहां स्थित भव्य और ऐतिहासिक मंदिर पूरे अंचल का एकमात्र ऐसा स्थल है, जहां प्रतिवर्ष क्वार और चैत्र नवरात्र बड़े ही धूमधाम से मनाए जाते हैं। इन अवसरों पर विशाल मेले का भी आयोजन होता है, जिसमें आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। नवरात्र की शुरुआत के अवसर पर मंदिर परिसर और पूरे क्षेत्र को विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिर को आकर्षक झालरों, रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। ग्राम पंचायत और मंदिर युवा समिति ने मिलकर साज-सज्जा और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। ग्रामीणों में भी पर्व को लेकर भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। आज भव्य कलश यात्रा के साथ नवरात्र पर्व का शुभारंभ होगा। प्रथम दिन देवी शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाएगी।

## घरघोड़ा में शिक्षा उपस्करण का वितरण और जागरूकता

**घरघोड़ा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के तत्वाधान में घरघोड़ा मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में छात्राओं को शिक्षा उपस्करण वितरित किया गया और शिक्षा एवं जागरूकता का वातावरण बनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और छत्तीसगढ़ शासन के स्वच्छता पखवाड़ा से संबंधित गीत एवं अभिनय प्रस्तुत करने से हुई। साथ ही नेत्र दान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 31 छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम पुरस्कार स्तुति खूंटे, द्वितीय आंचल भोय, तृतीय निधि चौहान को प्रशस्ति पत्र और उपहार दिए गए। शैक्षणिक सामग्री में जूता, मोजा, कॉपी, कंपास बॉक्स, लेगिंस, पानी की बोतल और बैग आदि वितरित किए गए। सामग्री प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में निर्मला अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, रति कंसल, पिंकी मित्तल, मंजू अग्रवाल, रश्मि मित्तल, निकिता मित्तल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षा की महत्ता पर विचार साझा किए और छात्राओं को बेहतर शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

## रजत जयंती पर आयुर्वेद विभाग ने किया कार्यक्रम

**बुनगा।** रजत जयंती के उपलक्ष्य में आयुर्वेद विभाग द्वारा 1 से 21 सितंबर तक बुनगा में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनका उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ समाज निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

आयोजन की श्रृंखला में जन आरोग्य जागरूकता रैली, आरोग्य मित्र प्रशिक्षण, काढ़ा वितरण, कुपोषण में आयुष, आरोग्य पाठशाला, प्रश्नोत्तरी एवं प्रतियोगिता, योग विथ फैमिली, कृषि में आयुष, वृक्ष मित्र अभियान, युवा संवाद, मानसिक व महिला स्वास्थ्य सत्र, घरेलू उपचार पर ऑनलाइन कार्यक्रम, जन प्रतिनिधि संवाद, प्रकृति परीक्षण, पंचकर्म जागरूकता दिवस, सियान आरोग्य शिविर और निशुल्क चिकित्सा शिविर शामिल रहे। गांव के सामुदायिक भवन, पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी और चौक-चौराहों पर हुए इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रमुख उपलब्धियों में 100 पौधों का वितरण, 90 वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच, 136 हितग्राहियों को निशुल्क परामर्श, 85 लोगों को काढ़ा वितरण, 65 प्रतिभागियों की स्वास्थ्य रैली और 136 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग शामिल रही। इस अभियान को बुनगा के डॉ. अजय नायक और डॉ. जागृति पटेल ने योजनाबद्ध तरीके से गांव-गांव तक पहुंचाया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. गौराहा ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।




## अभिनव में एनएसएस छात्रों ने मनाया सेवा पखवाड़ा

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में स्थित अभिनव विद्यामंदिर के राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े छात्रों द्वारा इन दिनों सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी ने छात्रों के लिए विशेष समय-सारिणी जारी की है, जिसे एनएसएस प्रभारी सक्रिय रूप से लागू कराते हैं। इस योजना के तहत छात्रों को उनके निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में शामिल किया जा रहा है। ज्ञात हो कि जिले के सभी अशासकीय विद्यालयों में सबसे पहले अभिनव विद्यामंदिर को एनएसएस चलाने की मान्यता मिली थी। तब से लेकर आज तक, यह एनएसएस लगातार सामाजिक, धार्मिक एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बीते दिनों, एनएसएस के छात्रों ने स्कूल परिसर के साथ-साथ स्कूल पहुंच मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया।



## डॉ भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा

**घरघोड़ा।** शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डॉ भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय, घरघोड़ा में महाविद्यालय परिसर एवं गुलाब गार्डन में व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ रविंद्र चौबे, भोज राम पटेल एवं महाविद्यालय अध्यक्ष अरुण कुमार पंडा के मार्गदर्शन में किया गया। स्वयं सेवकों और छात्रों ने मिलकर परिसर को साफ किया और स्वच्छता ही सेवा है का संदेश समाज तक पहुँचाया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की और कार्यक्रम अधिकारी एसएल साहू ने अभियान के सफल आयोजन पर सभी छात्र एवं स्टाफ की सराहना की। समिति के सदस्य विजय कुमार डनसेना ने सभी स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धन किया।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

स्वामी जी-93406-38884
तिरुपति बालाजी दर्शन हेतु दिसंबर यात्रा के लिए VIP टिकट की बुकिंग 20 सितंबर से पहले अवश्य करवा लें। समय पर बुकिंग करने से आपको बिना किसी परेशानी के दिव्य दर्शन का लाभ मिलेगा।
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक: 26 अक्टूबर 2025, 08 नवंबर 2025, 07 दिसंबर 2025, 21 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-~~19501~~/- ऑफर 17,501/-, 3AC-~~29,501~~/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411